卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐 ॥ उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐 ॥ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तराखण्ड सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

गुरूपूरब दी लख-लख बधाईयाँ

♦वर्ष 24 ♦अंक 49 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦26 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




# चहुंमुखी विकास के लिए सरकार तत्पर: धामी

## मुख्यमंत्री ने टकपुर में रोडवेज बस टर्मिल का किया भूमिपूजन

टनकपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टनकपुर में रोडवेज बस टर्मिनल डिपो वर्कशॉप बिल्डिंग, रीजनल वर्कशॉप क्षमतायुक्त फूड कोर्ट, 170 वाहनों की पार्किंग, 20 बैड क्षमता वाली पुरूष एवं महिला डोरमेट्री, 12 बसों हेतु बोर्डिंग प्लेटफार्म, 24 बसों हेतु बस पार्किंग, 7



बिल्डिंग एवं टायर शॉप निर्माण का विविधत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया। 5590.70 लाख की लागत से प्रस्तावित इन निर्माण कार्यों में 100 व्यक्तियों की क्षमतायुक्त वातानुकूलित प्रतीक्षालय, 100 लोगों के बैठने की बसों हेतु इलैक्ट्रिक चार्जिंग युक्त पार्किंग सुविधा, 20 बसों हेतु वर्कशॉप, शॉपिंग स्टोर, रेस्टोरेंट, डिस्पेंशरी एवं ब्लॉक रूम सुविधा, पुरूष एवं महिला सार्वजनिक शौचालय आदि का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बस टर्मिनल का निर्माण टनकपुर के लिए बहुत बड़ी सौगात है। इससे टकपुर से परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा और इसकालाभ टनकपुर ही नहीं बल्कि आस पास के क्षेत्रों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

# टनल में फंसे श्रमिक के परिवारजनों से मिले सीएम

टनकपुर(उद संवाददाता)। टनकपुर दौरे पर आये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे ग्राम छीनीकोट के श्रमिक पुष्कर ऐरी के घर भी गये। बता दें टनल में फंसे 41 मजदूरों में टनकपुर के ग्राम छीनीकोट निवासी पुष्कर ऐरी भी शामिल हैं। घटना के बाद से ही पुष्कर के परिजन परेशान हैं और सरकार से लगातार गुहार लगा रहे हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज पुष्कर के घर पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात और उन्हें (शेष पृष्ठ सात पर)




# पूर्व सैनिक और महिला का शव मिलने से सनसनी

देहरादून(उद संवाददाता)। चाय बगान प्रेमनगर में एक महिला और पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। पुरुष अपने घर से सुबह के वक्त टहलने निकल था। लेकिन, जब काफी समय बाद नहीं लौटा तो परिजन वहां पहुंच गए। उसके बगल में एक महिला का भी शव था। घटना चाय बगान के दारु चौक की है। मृतक की पहचान संदीप मोहन धस्माना निवासी



अंबीवाला है और हेमलता निवासी पीतांबरपुर है। हेमलता कोठियों में खाना बनाती थी। जबकि सुनील सेना से सेवानिवृत्त है। बताया जा रहा है कि संदीप सुबह करीब साढ़े पांच बजे घर से सैर के लिए निकला था। इसके बाद जब वापस नहीं आया तो परिजनों और पुलिस ने तलाश की। मोबाइल लोकेशन दारू चौक की आई तो सब वहां पहुंचे। दोनों के शव एक दूसरे से लिपटे हुए नाली में पड़े थे। नाली में पानी था। जिसके ऊपर से ही संदीप और हेमलता के डूबे हुए चेहरे नजर आ रहे थे।




# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ फांसी पर झूला

## काशीपुर में नहीं थम रहा है अकाल मौतों का सिलसिला

काशीपुर(उद संवाददाता)। डेकोरेशन के काम से जुड़े एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया जहां से अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी, मजरा, आमना मस्जिद वाली गली, बर्फ फैक्ट्री के समीप निवासी अब्दुल हाकिम 50 वर्ष पुत्र बुंदू हसन डेकोरेशन के काम से जुड़ा है। परिजनों के मुताबिक वह शराब का आदी था। पता चला है कि पिछले कुछ (शेष पृष्ठ सात पर)

### 6 दिसंबर को होने वाली थी पुत्री की शादी

काशीपुर। मृतक अब्दुल हाकिम की मौत फसाना बन गई। परिजनों की मानें तो आगामी 6 दिसंबर को मृतक की पुत्री समरीन का निकाह होने वाला था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी और खुशी का माहौल था। इसी बीच अचानक परिवार के मुखिया ने ऐसा कदम उठाया की शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक की एक पुत्री की शादी हो चुकी है बाकी बच्चे अविवाहित है।

# शराब कारोबारी ने आबकारी इंस्पेक्टर को पीटा

काशीपुर(उद संवाददाता)। आबकारी इंस्पेक्टर सोनू सिंह ने शराब कारोबारी वरुण अग्रवाल पर मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 सोनू सिंह ने बताया कि 24 नवंबर की देर रात्रि 10:30 बजे वह सिपाही के साथ रामनगर रोड स्थित स्टेडियम तिराहे के समीप विदेशी मदिरा की दुकान पर जांच के लिए पहुंचे। उसे वक्त दुकान मालिक वरुण अग्रवाल तथा विक्रेता (शेष पृष्ठ सात पर)

**भारत पैथ लैब**

20, कल्याणी व्यू, केशव मार्ग, श्याम टॉकीज रोड,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
फोन: 9927133000 ईमेल: info@bharatpathlab.in

**आवश्यकता है**

भारत विकास परिषद रूद्रपुर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब हेतु निम्न पदों पर योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पुरुष/महिला की आवश्यकता है:-

| क्र.सं. | पद | शैक्षिक योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | लैब टेक्नीशियन/मैनेजर | BSc MLT | 1 |
| 2 | होम कलेक्शन/सेम्पल कलेक्शन हेतु अनुभवी युवक की | 12th | 2 |

इच्छुक अभ्यर्थी स्व.हस्तलिखित प्रार्थना पत्र, विस्तृत टंकित बायो-डाटा एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियों सहित 30 नवम्बर 2023 को प्रात: 11 बजे लैब कार्यालय में मिले।

**किराये हेतु**

डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25 x 75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।

&%lEidi dj%&
9897067700
9897683006

# सरकारी भूमि पर नए कब्जेदार को नहीं मिलेगा विद्युत संयोजन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। हमारा उद्देश्य जनपद में व्यवस्थाओं को कारगर बनाने के साथ ही सरकारी परिसम्पत्तियों को कब्जामुक्त रखना है। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विद्युत संयोजन तथा भूमि लीज से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रशासन के नाम पर किसी भी प्रकार का भ्रम न फैलाया जाये और विद्युत संयोजन देते समय विभिन्न पहलुओं पर भलि भांति परीक्षण करते हुए ही विद्युत संयोजन देना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्धारित सीमा से पुराने कब्जेदारों को बिजली कनैक्शन दिये जायें लेकिन सरकारी भूमि पर किसी भी नए कब्जेदार को विद्युत संयोजन न दिया जाये। डीएम ने अभियंताओं को यह भी स्पष्ट निर्देश दिये कि सरकारी भूमि से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शंका होने पर विद्युत महकमे के अभियंता उप जिलाधिकारी के माध्यम से भूमि की तस्दीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकारी भूमि होने से सम्बन्धित सन्देह को उप जिलाधिकारियों के माध्यम से दूर किया जाये। उन्होंने सभी एसडीओ को रजिस्टर मैनटेन रखने के निर्देश दिये कि किस-किस क्षेत्र में विद्युत संयोजन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने विद्युत कनैक्शन देने में दिक्कत वाले क्षेत्रों की जानकारी पत्र के माध्यम से उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश सभी अधिशासी अभियंताओं को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विनियमित क्षेत्रों में कनेक्शन देने से पूर्व प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृति जरूर चौक की जाये। उन्होंने जनजाति की भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति काबिज होने पर भी कनैक्शन देने की स्थिति के बारे में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आवासी भूमि लीज बढ़ाने के लिए सभी तहसील में काउण्टर खुलवाये जायें तथा ऐंसे लीज धारकों की लीज नवीनीकरण हेतु रजिस्टर से मिलान करते हुए मौका मुआयना करने और थौक में फाइलें तैयार करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सरकारी भूमि पर कब्जा होने से रोकना तथा जनता को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक कुमार जोशी, एससी विद्युत शेखर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, राकेश तिवारी, रविन्द्र सिंह बिष्ट, अधिशासी अभियंता विद्युत जीएस कार्की, एसडीओ डीसी गुरूरानी आदि उपस्थित थे।



# अवैध शराब भट्टी पकड़ी

किच्छा( उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत लालपुर चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए अवैध भट्टी को ध्वस्त कर करीब 10 हजार लीटर लहन नष्ट कर दिया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को करीब 65 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में लालपुर चौकी प्रभारी एसआई सतीश कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर में बढ़ोर नदी किनारे अवैध कच्ची शराब के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नदी किनारे अवैध कच्ची शराब की लगाई गई भट्टी को नष्ट करते हुए पुलिस टीम ने शराब बनाने के तमाम उपकरण कब्जे में ले लिए। पुलिस ने मौके पर शराब बना रहे गुरुद्वारा गली, ग्राम लालपुर, थाना किच्छा निवासी आरोपी अजय सिंह को करीब 65 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। जबकि पकड़े गए आरोपी अजय सिंह का भाई संजय सिंह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए एकत्रित किए गए करीब 10 हजार लीटर लहन को नष्ट कर नदी में बहा दिया। पुलिस ने मौके पर शराब बनाने के उपकरण ड्रम, कनस्तर, प्लास्टिक पाइप व अन्य सामान बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और नशा तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल, चौकी प्रभारी सतीश शर्मा, पुलिसकर्मी किशोर कोहली, आनंद ग्वासाकोटी, ग्राम चौकीदार पिंटू सिंह मौजूद रहे।



# हमले के आरोपी को पॉच वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों ने जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पॉच वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्ला मण्डल ने रूद्रपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 अगस्त 2020 की दोपहर उसके ससुर रोबिन हीरा उर्फ रवि हीरा घर से गये थे पर लौट कर नहीं आये। अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे एक व्यक्ति ने आकर बताया कि वे डिवाइन पार्क से छतरपुर भूरारानी मार्ग पर स्थित गन्ने के खेत में गम्भीर हालत में पड़े हैं तो हम लोगों ने वहाँ पहुँच कर उनको उठाया और अस्पताल ले गए जहां कच्चीब बीस दिन तक उनका ईलाज चला ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी तो पाया कि आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी रूद्रपुर निवासी परवीन धर पुत्र जयचन्द्र धर रोबिन की पत्नी पर बुरी नजर रखता था उसने पत्नी को धमकी दी थी कि अगर उसने ना की तो वह उसके पति की हतया कर देगा ।पत्नी ने परवीन धर की बात नहीं मानी जिस पर उसने गुस्से में रोबिन उर्फ रवि हीरा को किसी के जरिए घर से बुलाकर उन पर धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से उनकी गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उनकी गर्दन आधी कट गई और वे लहुलूहान होकर गिर पड़े तो उसने समझा कि यह मर गए हैं और वह वहाँ से भाग गया ।पुलिस ने परवीन धर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।उसके विरूद्ध द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों की अदालत में मुकध्मा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने 13 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय ने परवीन धर को पॉच वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से पॉच हजार रुपये पीड़ित रोबिन हीरा को दिये जायें।

# चोरी का लैपटॉप व मोबाईल सहित युवक पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रात्रि में घर से लैपटॉप एवं मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत होने के 24 घंटे में सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को शिवाजी कालोनी डहरिया निवासी महिला द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई कि 19 नवंबर की रात्रि में उनके घर से एक लेपटॉप और एक मोबाइल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कोतवाली में मामले की रपट दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक त्रिभुवन सिंह को सुपुर्द की गई। पुलिस टीम ने चोरी किये सामान की तलाश हेतु आस-पास के सीसीटीवी खंगाले। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ करने के बाद पुलिस टीम ने चोरी में संलिप्त एक व्यक्ति को तरण ताल के पास से चोरी किए गए लैपटॉप व मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मुकेश कुमार यूके उन वर्मा पुत्र विष्णु वर्मा निवासी नयागांव जिला लखीमपुर खीरी उप्र हाल निवासी जजीकोट के पास बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई सुशील जोशी चौकी प्रभारी टीपी नगर, एसआई जगदीप सिंह चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, एस आई त्रिभुवन सिंह चौकी प्रभारी गन्ना सेंटर, का. तारा राणा, नवीन राणा व राजेश सिंह सर्विलांस शामिल थे।



# विकसित भारत यात्रा संकल्प यात्रा का दूसरा चरण तीन दिसम्बर से

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। देश भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण की सफलता को लेकर ट्रांजिट कैम्प में आयोजित भाजपा उत्तरी मण्डल की बैठक में यात्रा के लिए रूपरेखा तैयार की गयी और यात्रा के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां भी सौंपी गयी। आयोजित बैठक में यात्रा को लेकर सभी से सुझाव भी लिये गये और यात्रा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने और इसके प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से देशव्यापी "विकसित भारत संकल्प यात्रा" देश भर में आयोजित की जा रही है। यह यात्रा देश के सभी जिलों की सभी ग्राम पंचायत और शहरी निकायों में चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवम्बर के अवसर पर झारखण्ड के रांची से इसका आरंभ किया था। 2 लाख 5 हजार ग्राम पंचायतों तक प्रचारात्मक अभियान के रूप में इस यात्रा का पहला चरण 22 नवम्बर को संपन्न हो चुका है। जिसके तहत 21 राज्यों के 68 जनजातीय बाहुल्य जिलों में यह यात्रा आयोजित की गई। अब दूसरे चरण में शेष सभी जिलों में यह यात्रा 3 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। मेयर रामपाल ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य केंद्र और राज्य की योजनाओं से हरेक व्यक्ति को जोड़ना है। केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धमी सरकार की जो योजनाएं बनी हैं अगर कोई व्यक्ति उनसे छूट गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। डबल इंजन की सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। यात्रा के विधानसभा प्रभारी भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी योजनाबद्ध तरीके से काम करते हैं। इसी का परिणाम है कि भाजपा सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर उतरी है। इस अवसर पर राकेश सिंह, धीरेश गुप्ता,राजेश जग्गा,,राधेश शर्मा, शिवकुमार गंगवार, कैलाश राठौर ,विधनराय,मनोज मदान,संजय हालदार, मुकेश रस्तोगी, कविता सागर,आशा मुंजाल,डी के गंगवार,गोबिंद शर्मा,जगसोरन मालिक, एजाज आलम, राकेश लोधी,आदेश भारद्वाज, राजेन्द्र राठौर, पूनम प्रजापति, हीरालाल गंगवार, तारक सरकार,बॉबी गंगवार, हरप्रसाद, रोबिन विस्वास आदि मौजूद थे।



# गांव गांव तक पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्राः शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किच्छा ग्रामीण मंडल की बैठक कर मंडल पधाधिकारियो बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजकों को इस यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने बताया की इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाएगा यह यात्रा गांव गांव जाएगी जहां पर सरकार द्वारा चलाई जारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी जनता को दिलवाया जाएगा। विकास शर्मा ने बताया कि इस यात्रा को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नोडल के रूप में देखा जा रहा है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस यात्रा के साथ रहेंगे और क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद प्रदेश पदाधिकारी जिले के पदाधिकारी इस यात्रा में अपना सहयोग करेंगे और इस यात्रा के माध्यम से आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड पेंशन उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास इत्यादि योजनाओं का लाभ गांव-गांव जाकर नगर नगर जाकर आम जनमानस को दिलवाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं को लगकर इस यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आवाहन कियाइस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अक्षय अरोरा सहित अन्य कर्मचारी थे।



# हमारा संकल्प विकसित भारत की दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत मलपुरी में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 110 व्यक्तियों/लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में 11 विभागों स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत मलपुरी में 25 पुरुष एवं 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत मलपुरी में 03 कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री आनन्द सिंह नेगी, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई सितारगंज एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी श्री विमल कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता एवं श्रीमती राजरानी, ग्राम प्रधान अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।
















# मेटलमैन माइक्रो टर्नर कंपनी में माता की चौकी का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल के सेक्टर 9 में स्थित कंपनी मेटलमैन माइक्रो टर्नर (एम एम टी) में 'माता की चौकी' का आयोजन किया गया। जिसमें माता की भव्य झांकी के साथ भजन कीर्तन और कई तरह के अन्य मनमोहक झांकी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई । इन झांकियां में भोले बाबा, मां पार्वती, राधा रानी, माता काली की झांकियां प्रमुख रही । कंपनी के कर्मचारियों के साथ उनके परिवार , समस्त बजाज क्लस्टर के सभी प्लांट हेड्स , बजाज ऑटो के सीनियर स्टाफ तथा मेटलमैन के बिजनेस पार्टनर उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया। मेटलमैन कंपनी के प्लांट हेड संजय सिंह ने बताया कि हम लोग हर वर्ष कंपनी परिसर में अपने कंपनी के डायरेक्टर निशांत जयरथ और सचिन बेंबी के नेतृत्व में माता की चौकी का आयोजन समस्त कंपनी कर्मचारी और उनके परिवार के साथ मनाते हैं। उपस्थित कर्मचारियों में एचआर हेड संजय राय और अन्य वरिष्ठ कर्मचारी मुकेश सिंह, कमल तोमर ,प्रदीप पांडे, मनोज राजपूत ,मनोज देवरारी, अखिलेश अग्रवाल, भोला सिंह, अजीत चौधरी ,वंदना शुक्ला, नेहा पटनी, आकांक्षा सिंह ,संगीता जलाल, समर, दीपमाला, सौरभ, उजाला, मुकेश ठाकुर, बलिंदर, मुन्ना, केशवर, आदित्य व अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे ।








# प्रकाश पर्व पर धूमधाम से निकला नगर कीर्तन

किच्छा(उद संवाददाता)। सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य नगर कीर्तन निकाला गया । नगर के तमाम स्थानों पर व्यापारियों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा नगर कीर्तन का प्रसाद वितरण कर जोरदार स्वागत किया गया। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल नगर कीर्तन आयोजित किया गया। नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारे से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन रेलवे फाटक, महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, दीनदयाल चौक, बरेली रोड, अंबेडकर चौक, आवास विकास होता हुआ पुनः पुरानी गल्ला मंडी पहुंचकर समाप्त हुआ। नगर कीर्तन के उपलक्ष में नगर को सुंदर तरीके से सजाया गया। तमाम स्थानों पर व्यापारियों द्वारा स्वागत द्वार एवं पंडाल लगाकर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। पूरा वातावरण गुरु नानक देव जी महाराज की भक्ति रस में डूबा नजर आया। नगर के बरेली मार्ग पर विधायक तिलक राज बेहड़ की अगुवाई में नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व ब्लाक प्रमुख मीनू कोली, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू, सतपाल गाबा, गौरव बेहड़ सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारियों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने सभी को गुरु पूरब की बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज केवल सिख धर्म नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के गुरु थे, उन्होंने हमेशा समाज सेवा एवं मानव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को गुरु नानक देव जी महाराज के बताए सदमार्ग पर चलकर मानव सेवा के कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। पंच प्यारों की अगुवाई में निकाले गए नगर कीर्तन में दर्जनों चार पहिया वाहनों एवं दर्जनों ट्रैक्टर पर गुरु नानक देव जी महाराज की सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई। नगर कीर्तन में रंजीत अखाड़े के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। अखाड़े से जुड़े कलाकारों एवं बालिकाओं ने भी तलवारबाजी के तमाम करतब दिखाए।





नगर कीर्तन में निकाली गई गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी से पूर्व सैकड़ो महिलाएं पानी एवं झाड़ू से सड़क साफ करती नजर आई तथा तमाम युवाओं ने सड़क पर फूल बिछाकर पालकी का स्वागत किया। नगर कीर्तन का सफल संचालन नानकमत्ता गुरुद्वारा कमेटी के डायरेक्टर निर्मल सिंह हंसपाल ने किया उन्होंने बताया की गुरुद्वारा किच्छा मै नित्य कीर्तन 5:00 बजे से लेकर के 10:00 बजे तक किया जाएगा तथा उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 27 तारीख को दिनभर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहेगा उन्होंने सभी भक्तजनों से, नगर की जनता से अपील की है कि प्रसाद ग्रहण हेतु अधिक से अधिक संख्या में गुरुद्वारा दरबार में पहुंचे तथा गुरु का आशीर्वाद ग्रहण करें। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख किन्नू शुक्ला, लवी सहगल, जगरूप सिंह गोल्डी, जितेंद्र सिंह संधू, सिमरनजीत कौर, सौरभ बेहड़, नितिन फुटेला, विजय अरोड़ा, परमजीत सिंह पम्मी, वीरू बाठला, छोटेलाल कोली, परवीन रहेजा, डॉ गुलशन पाल, दीप हंसपाल, नजाकत खान, दिनेश भाटिया, उमाशंकर रस्तोगी, धर्मेंद्र सिंधी, गुरनाम सिंह धारीवाल, रणजीत सिंह राणा, प्रभजोत सिंह चीमा, कमलजीत सिंह बाठला, देवेंद्र सिंह विर्क, जसविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, मनदीप सिंह गोरिया, चेतन कालरा, हरभजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जघन्य हत्याकांड की विकृतियां

राजधानी दिल्ली में हुई एक हत्या को आम आपराधिक घटनाओं की तरह ही दर्ज किया जाएगा। मगर इस वाकये में हत्या की जो वजह और प्रकृति सामने आई है, उसने सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि समाज में कैसी विकृतियां हमारे आसपास पल रही हैं और कब, कहां कोई अप्रत्याशित घटना हो जाए, कहा नहीं जा सकता।खबरों के मुताबिक, महज सोलह वर्ष के एक किशोर ने रास्ते से गुजर रहे सत्रह वर्ष के एक अन्य लड़के को रोका, उससे पैसे मांगे और मना करने पर गला दबा कर उसे बेहोश कर दिया। मगर इसके बाद जो हुआ, वह न सिर्फ किसी को भी दहला देने वाला था, बल्कि ऐसे दृश्यों पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। उन्माद से भरा किशोर बेहोश हो चुके लड़के पर न सिर्फ अंधाधुंध चाकू से वार करने लगा, उसके शरीर को सड़क पर घसीटा, गला रेत दिया, बल्कि शव पर नाचने लगा। एक व्यक्ति ने लड़के को बचाने की कोशिश की, तो किशोर ने चाकू दिखा और धमका कर उसे भगा दिया।यह पूरी वारदात चूंकि सीसीटीवी की पकड़ में आ गई, आसपास के कई लोगों ने इसे देखा भी, तो ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि खासकर कोमल मन-मस्तिष्क वाले बच्चों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। कानूनी तौर पर इसे हत्या की एक जघन्य घटना माना जाएगा और इसी मुताबिक आरोपी के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया चलेगी। मगर इसकी प्रकृति इतनी भयावह है कि न केवल दूसरे लोगों ने, बल्कि खुद आरोपी की मां ने भी उसके खिलाफ वयस्क अपराधियों की तरह कानूनी प्रक्रिया चलाने की मांग की। यह समझना मुश्किल है कि इतनी कम उम्र में उस किशोर का दिमाग इस हद तक विकृत कैसे हो गया कि उसने राह चलते एक अनजान लड़के की हत्या कर दी और अपने भीतर मौजूद हिंसा की कुंठा का प्रदर्शन किया।जैसी खबरें आई हैं, उनके अनुसार हत्या करने वाले किशोर ने नौवीं कक्षा में बीच में ही स्कूली पढ़ाई छोड़ दी थी और शराब का आदी हो गया था। उसके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। जाहिर है, वह बुरी संगति में अवांछित आदतों का शिकार हो गया और पारिवारिक अवस्था की वजह से उसे रोकने या सही राह देने की स्थितियां नहीं बनीं। इस बीच कब उसके भीतर मनोवैज्ञानिक विकृतियां पैदा हुई और गहरे बैठ गई, उसका पता किसी को नहीं चला। ऐसा लगता है कि हिंसा की कुंठा में डूबे किशोर के भीतर से परिवार, समाज और शासन, सभी स्तर का डर निकल गया था। इसलिए इसे जघन्य अपराधों की आम घटनाओं से अलग करके देखे जाने की जरूरत है, जिसमें मनोविज्ञान का पहलू बेहद अहम है। इस घटना के बारे में विशेषज्ञों की भी यही राय है कि आचरण संबंधी, मादक पदार्थों की लत से उपजे विकार या मनोविकृति जैसी समस्याओं से घिरे होने की वजह से आरोपी ने ऐसा किया होगा। यों ऐसी स्थितियों की भी जड़ें होती हैं कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की मानसिक विकृतियों का शिकार होता है तो उसकी कोई वजह होगी। कारण चाहे जो हो, वह अध्ययन का विषय हो सकता है। मगर यह घटना दर्शाती है कि एक ओर हमारे आसपास अब असुरक्षा का वातावरण ज्यादा चिंताजनक साबित होने लगा है, वहीं घर-परिवार में बच्चों की छोटी-मोटी गलतियों को लेकर उदासीनता या उपेक्षा के बजाय उनके व्यवहार पर नजर और देखरेख के साथ उनमें विकसित होती आदतों को लेकर समय रहते सचेत होने की जरूरत है।

# श्री बालाजी धाम के स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

## ब्लाक प्रमुख जल्होत्रा व उद्यमी गर्ग ने किया शुभारंभ,108 लोगों ने किया रक्तदान




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी धाम के तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव के दूसरे दिन बाला जी धाम परिसर में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां बालाजी धाम से जुडे लोगों और बाबा भक्तों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान शिविर में भाग लिया और 108 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा और श्री बाला जी चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने कहा कि बडे ही सौभाग्य की बात है कि बालाजी धाम स्थापना दिवस पर रक्तदान का आयोजन किया गया और इसमें बाबा भक्तों ने रक्तदान कर पुन्य प्राप्त किया। रक्त की एक बूंद जिंदगी ले भी सकती है और एक बूद जिंदगी बचा भी सकती है। रक्त दान कर जरूरतमंदों को बचाना ही इंसानियत है। उन्होंने कहा कि बालाजी धाम कमेटी का यह कदम सराहनीय है। इस दौरान अतिथियों ने बालाजी धाम में पूजा अर्चना कर सबकी सुख समृद्धि की कामना की। ट्रस्ट के सचिव पवन जिंदल ने बताया कि बाला जी धाम स्थापना दिवस को लेकर 25 नवंबर से तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। इसमें 25 नवंबर को बाला जी निशान यात्रा निकाली गई। आज रक्तदान शिविर और कल 27 नवंबर को विशान दरबार और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बाबा भक्तों को बड़ी संख्या में पहुंचने का आहवान किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल ब्लड बैक के कर्मचारी डॉ. पीके श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह बृजवाल, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, विवेक सिंह, अनिल कुमार, कमला यादव, निर्मला वृजवाल, भावना शर्मा द्वारा रक्तदान शिविर में चिकित्सीय व्यवस्था को संभाला। इस मौके पर रवि बठला, वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, पवन जिंदल, सतीश हुडियां, सुरेंद्र छाबड़ा, प्रवीण सूरी, आशु ग्रोवर, बीरोहित राजपूत, संजय सिंधी, विवेक पूछी, गिरिश चंद्र पांडे, पुलकित गर्ग, राहुल कालड़ा, आशु नागपाल, अमित सिंघल, ऋषि भुसरी, बिटटू गोवर, सुमित बब्बर, गौरव खुराना, मुकेश घई, हर्षित ग्रोवर, मोहित जिंदल, हरीश कालड़ा, प्रीतम अरोरा, चिंतन बांबा, राकेश ग्रोवर, पंकज सेतियां, अमर पसरीचा, मुकुल दुर्गापाल, सुरेंद्र कुमार, राजेश सिंघल, उत्कर्ष पंत, प्रवीण सूरी, योगेश जोशी, अंशुल अरोरा, अमित त्यागी, सुमित अरोरा, गगन दुनेजा, प्रसन्नजीत गोलदार, राज कोहली, चंद्र कटारियां, मोहित राजपूत आदि मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाविप ने लगाया भंडारा

सितारगंज(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद् सितारगंज ने गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर रामलीला मैदान में लंगर लगाया गया। गुरु तेग बहादुर बलिदान के प्रांतीय प्रकल्प संयोजक अजीत सिंह जोशन ने बताया कि ओरंगजेब के अत्याचारों से पूरे भारत में हिन्दुओ के मंदिरों गुरुद्वाओं को तोड़े जाने व जबरन धर्म परिवर्तन पर गुरु तेग बहादुर जी आगे आये और हिन्दू धर्म की रक्षा हेतु इस महापुरुष ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और विश्व को ये सन्देश दिया कि हम अपने हिन्दू धर्म के प्रति सर नही झुकाएंगे और बलिदान देने से पीछे नही हटेंगे और तभी से हम उनको गुरु तेग बहादुर हिन्द की चादर कहकर याद करते हैँ। इस मौके पर प्रांतीय महासचिव नरेश कंसल,प्रांतीय प्रकल्प संयोजक अजीत सिंह जोशन, प्रांतीय मीडिया प्रभारी महेश मित्तल, अध्यक्ष सुरेश जैन,संरक्षक पवन बड़सीवाल,अनंत प्रकाश शुक्ला,बॉबी भटिया, सुखवीर सिंह बेदी,विशाल श्रीवास्तव,नवीन भट्ट ,शीतल सिंघल, राकेश त्यागी, कुलवंत बल, सुखदेव सिंह, हरपाल सिंह,सर्वजीत माटा, राजू हरयाणवी, श्यामसुंदर गोगना, गुरविंदर सिंह सोनू,हरप्रीत सिंह पन्नू,विशु अरोरा, अटल प्रीत सिंह, हरेन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।



# प्राकृतिक आपदा प्रकृति व मनुष्य के बीच असंतुलन का परिणाम: प्रो. पुष्पा

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक दिनी गोष्ठी आयोजित की गयी। जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित गोष्ठी की आपदा प्रबन्धन पर छठी अंर्तराष्ट्रीय कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। चार दिन तक चलने वाली सभा की रिर्पोट एवं निर्देश विद्यार्थियों के बीच साझा की जाएँगी, जिससे वैज्ञानिकों की दृष्टि का प्रसार युवाओं एवं आम ने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ-साथ आपदा की चुनौतियां जुड़ी हुई हैं। आपदा का प्रबंधन विवेकशील प्राणी के हाथों में ही संभव है। कार्यक्रम को डॉ0 प्रकाश भट्ट व डॉ0 हर्षिता तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम बीच साझा किया गया । प्री-इवेंट कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय रहा- हिमालयी राज्य उत्तराखंड में आपदा के विविध रुप और प्रबंधन ।उत्त






अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो0 पुष्पा देवी ने की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रकृति व मनुष्य के बीच असंतुलन का परिणाम है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से संपन्न राज्य है वहीं उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से उत्तराखण्ड एक अति संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 28 नवम्बर से जनता के बीच हो सके। प्रत्येक इकाई को राज्यस्तरीय आपदा को पूरी संवेदनशीलता से ग्रहण करना होगा। आपदा प्रबंधन की टीम में स्वयंसेवी के रुप में दिए गए दायित्वों का निर्वहन मनुष्य भाव से करना चाहिए। सहयोगी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मनुष्य प्राकृतिक आपदाओं पर विजय पाता रहा है। आईक्यूसी संयोजक डॉ0 नरेश कुमार का संचालन डॉ0 उमराव सिंह ने किया।डॉ0 उमराव सिंह ने बताया कि आपदा प्रबन्धन पर छठी अंर्तराष्ट्रीय कांग्रेस देहरादून में दिनांक 28 नवबंर से 1 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यक्रम आयोजन से पूर्व शिक्षण संस्थाओं में प्री-इवेंट कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर यूकॉस्ट के टैपलेंट को विद्यार्थियों के प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों द्वारा निबंध लिखे गए । पोस्टर प्रतियोगिता में 09 विद्यार्थियों में अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में काज, अनूप कुमार, मेहविश, शाहनूर, ज्योति, अंकित, नीतू, शिदरा,वंदना ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम संपादन में कार्यालय अधिकारी शुभम गंगवार, आनन्द सिंह, गौतम सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# वर्टिकल ड्रिलिंग से पहले मैनुअली मलवा हटाने पर फोकस

उत्तरकाशी। सिलक्यारा में अंतरराष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स की देखरेख में चल रहे ऑपरेशन में विशेषज्ञ वर्टिकल ड्रिलिंग को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने कहा कि वर्टिकल ड्रिलिंग भी एक विकल्प है, लेकिन संभव है कि वह अंतिम विकल्प हो। सरियों में फंसे ऑगर मशीन के ब्लेड को काटने का काम लगातार जारी है। अब वर्टिकल ड्रिलिंग का काम शुरू किया जा सकता है। हांलाकि अभी मैनुअली मलवा हटाने की रणनीति भी बनायी जा रही है। ऑगर मशीन के फंसे हिस्से को काटकर निकाला जाएगा। इसके बाद मैन्युअली यानि मजदूर हाथों से खोदाई कर मलबा निकालेंगे। दूसरी योजना के लिए इसमें निर्माणाधीन सुरंग के ऊपरी क्षेत्र में 82 मीटर दूरी पर खोदाई होगी। इसके लिए मशीन का प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया गया है। मशीन के एक हिस्से को भी वहां पहुंचा दिया गया है। तीसरी योजना सुरंग के दूसरे छोर पाल गांव बड़कोट की तरफ से खोदाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यह करीब पांच सौ मीटर हिस्सा है। इस अभियान में भी 12 से 13 दिन लगने का अनुमान है।चौथी योजना इसमें सुरंग के दोनों किनारों पर समानांतर (हॉरिजेंटल) ड्रिलिंग की जानी है। इसका सर्वे हो चुका है। रविवार को इस योजना पर भी काम शुरू किया जा सकता है। गौरतलब है कि सुरंग में करीब 60 मीटिर तक मलवा गिरा हुआ है जबकि सुरंग में गिरे हुए मलवे को हटाने के लिए पहले दिन से ही कोई रणनीति नहीं बनायी गई है। अगर मैनुअली या फिर टनल के बाहरी छूर से ही जेसीबी मशीनों से मलवा हटाकर एस्केप मार्ग बनाने का काम शुरू किया गया होता तो रेस्क्यू अभियान में अधिक विलंब नहीं होता। अब ऑगर मशीन क्षतिगस्त होने के बाद आखरी विकल्प मैनुअली मलवा हटाने का बन रहा है। हांलाकि अब सभी विकल्पों पर काम भी शुरू कर दिया गया है। लिहाजा अगले एक दो दिन में स्थिति बेहतर हो सकती है।

# प्रदेश में भाजपा सरकार की हालत दयनीय: माहरा

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने एक बार फिर सूबे में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। यहां मंडी गेस्ट हाउस पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के मुखिया श्री माहरा का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मीडिया से मुखातिब माहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हालातो से नहीं लगता कि भारतीय जनता पार्टी निकाय चुनाव कराने के लिए सक्षम है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति बहुत ही दयनीय है। भाजपा सरकार द्वारा उत्तराखंड में हुई घटनाओं जैसे अंकित हत्याकांड में वीआईपी का मामला हो या केदारनाथ में सोने की चोरी का मामला। जोशीमठ का मामला हो या पटवारी घोटाला मामला। इन सभी मामलों से भारतीय जनता पार्टी बैक फुट पर आ गई है। माहरा ने कहा कि अग्निवीर योजना से प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के फैसले से नाराज है। यही कारण है कि सरकार जनता का रुख भांपकर निकाय चुनाव को लेकर चुप्पी साधे हुए है। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री माहरा ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड स्टेट चिटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शेरकत की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता अर्पित मेहरोत्रा, अरुण चौहान शेख अब्दुल अजीज कुरैशी आदि दर्जनों मौजूद रहे।

# संविधान दिवस की दी शुभकामनाएँ

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर, 1949 को भारत के लोगों ने भारत के संविधान को आत्मार्पित किया था। राज्यपाल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर सहित संविधान के सभी निर्माताओं को नमन करते हुए कहा है की संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी समस्त शक्तियों का स्रोत भी है। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर जी की विलक्षण प्रतिभा, कठोर परिश्रम और महान विचारों की व्यापकता से एक लोक कल्याणकारी संविधान की मजबूत संरचना संभव हुई थी। राज्यपाल ने कहा कि संविधान दिवस हम सब के लिए भारत के संविधान में निहित सच्चे आदर्शों, सुदृढ़ सिद्धान्तों और पवित्र कर्तव्यों के बोध को स्मरण करने का दिन है। स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण के ऐतिहासिक कार्य में देश के अनेक महा मनीषियों ने एक ऐसा शानदार दस्तावेज तैयार किया जो एक राष्ट्र के रूप में हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ है। इसकी रोशनी में हमारा राष्ट्र और नागरिक भारत के स्वर्णिम भविष्य की संरचना कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि संविधान दिवस के इस अवसर पर हमें हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा जताए गये विश्वास को बनाये रखने के लिए संविधान में दिये गये कर्तव्यों के प्रति पूर्ण सचेत होना होगा। प्रत्येक नागरिक को संविधान में निहित कर्तव्यों का बोध और आचरण करना होगा। संविधान निर्माताओं की इस भावना को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान के मूल्यों और इसमें निहित मूल कर्तव्यों को पूर्णत: जीवन में उतारना होगा।

# सभी विकल्पों पर किया जा रहा रेस्क्यू : धामी

## सुरंग में फसे श्रमिकों से बोले सीएम : कोई भी दिक्कत होने पर अधिकारियों को सूचित करें

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार सायं उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में अस्थाई मीडिया सेंटर सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि कठिन परिस्थितियों में सरकार पूरी शिद्दत के साथ रेस्क्यू कार्य में जुटी है। उन्होंने कहा कि पाइप में फंसी ऑगर मशीन को जल्द ही काट के निकाल लिया जाएगा। जिसके लिए हैदराबाद से प्लाज्मा कटर भी मंगाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों से बात कर रहा हूँ। सभी श्रमिक स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समन्वय बनाते हुए सभी संभव विकल्पों पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हर संभव प्रयास कर रही हैं। दुनिया भर के विशेषज्ञों का इसमें तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी निरंतर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रेस्क्यू कार्य में किसी भी तरह की अड़चन न आये, इसके लिए पहले से ही सेना के अलावा देश और विदेश की विशेषज्ञ तकनीकी एजेंसियों की मदद ली गई है। रेस्क्यू कार्य में तकनीकी और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने





कहा कि सरकार की प्राथमिकता सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना है। यह कार्य काफी चुनौतीपूर्ण है, बावजूद सभी केंद्रीय और राज्य की एजेंसियां दिनरात काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ऑगर मशीन की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइप में फंसी ऑगर मशीन को अतिशीघ्र निकाला जाए। ऑगर मशीन को निकालने हेतु जो मशीन या टेक्नोलॉजी का उपयोग हो, उसे अतिशीघ्र मंगवाया जाए। मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने श्रमिकों को भोजन भेजने की विधि को भी जाना। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की हर मांग को प्रथमिकता से लिया जाए एवं जो सामग्री संभव हो उन्हें भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने टनल में एसडीआरएफ द्वारा स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह, सबाह अहमद, अखिलेश से बात कर सभी मजदूरों के बारे में जानकारी ली और उनका हौसला आफजाई किया। मुख्यमंत्री ने अंदर फंसे श्रमिकों से कहा कि कोई भी दिक्कत होने पर अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा। पूरा देश आपके साथ खड़ा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सभी श्रमिकों को शीघ्र और सुरक्षित बाहर निकाला जाए। उन्होंने कहा कि जो भी तकनीक एवं संसाधन मौजूद हैं उनका इस्तेमाल कर रेस्क्यू ऑपरेशन में और अधिक तेजी लाई जाए। और जरूरत हो तो अतिरिक्त संसाधनों को भी बाहर से तत्काल मंगाया जाए। राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। हम सभी मिलकर अति शीघ्र राहत एवं बचाव कार्य को पूर्ण करेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखण्ड सरकार के सलाहकार भास्कर खुल्बे, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय( भारत सरकार) के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडी सीएल महमूद अहमद उपस्थित रहे। इसके साथ ही कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, रेस्क्यू आभियान के समन्वयक सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, पीएमओ उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।







# जिंदगी बचाने के लिए विशेषज्ञों की जद्दोजहद जारी ,कटर पहुंचा

उत्तरकाशी। दीपावली के दिन से उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर निकले की उम्मीद लगाए हैं। ऑगर मशीन के फंसे बरमे को



काटने के लिए आज तड़के पांच बजे हैदराबाद से प्लाज्मा कटर पहुंच गया है। जिससे अभी तक 27 मीटर बरमे को काटकर निकाला जा चुका है। अभी 18 मीटर तक और काटकर निकाला जाना है।सिलक्यारा सुरंग के अंदर ऑगर मशीन से बचाव अभियान को झटका लगने के बाद अब सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए शनिवार को ड्रिलिंग मशीन को पहाड़ी पर चढ़ाया गया। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी भी बचाव दल का जोर सुरंग के अंदर ही मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू करने पर है। सुरंग के ऊपर से करीब 82 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग की जानी है। जिसमें करीब 48 घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि अभी भी सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू कर एस्केप पैसेज तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए अमेरिकी ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का काम किया जा रहा था। इस कार्य में बार-बार मलबे में पड़ी सरिया व लोहे के पाइपों के कारण ड्रिलिंग बार-बार बाधित हो रही थी। गत शुक्रवार शाम को ड्रिलिंग के दौरान 25 एमएम की सरिया आने के चलते यहां ड्रिलिंग मशीन के ब्लेडों को काफी नुकसान पहुंचा। मशीन का बरमा पाइपों में उलझकर टूट गया, जिससे 800 एमएम पाइपों से तैयार एस्केप पैसेज भी बंद हो गया है। हालांकि, बरमें को टुकड़ों में काटकर निकालने का काम शुरू किया गया, जिसमें लंबा समय लग सकता है।इस बीच सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की तैयारियां तेज की गई हैं, जिसमें शनिवार शाम को एसजेवीएनएल ने ड्रिलिंग मशीन को सुरंग के ऊपर पहुंचाया। हालांकि, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी भी बचाव दल का जोर सुरंग के अंदर ही मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू करने पर है। इसकी एक वजह यह भी है कि सुरंग के अंदर मलबे में करीब 47 मीटर तक ड्रिलिंग कर एस्केप पैसेज तैयार कर लिया गया है। वहीं, वर्टिकल ड्रिलिंग में नए सिरे से करीब 82 मीटर तक ड्रिलिंग करनी होगी, जिसमें किसी तरह का बाधा उत्पन्न हुई तो फिर नई समस्या खड़ी हो सकती है। हालांकि, इसके लिए वर्टिकल ड्रिलिंग के विशेषज्ञों की टीम को भी बुला लिया गया है।

## सिलक्यारा में है युद्ध की जैसी स्थिति रेस्क्यू टीम पर दबाव डालना होगा गलत

उत्तरकाशी। सिलक्यारा की निर्माणाधीन सुरंग में 41 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। आज रेस्क्यू ऑपरेशन का 15वां दिन है। श्रमिकों को सुरंग से निकालने के लिए जद्दोजहद जारी है। वही एनडीएमए के सदस्य ने कहा कि हमे थोड़ा धैर्य रखने की जरुरत है। क्योंकि रेस्क्यू टीम पर दबाव डालना गलत होगा। एनडीएमए (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि 'मुझे लगता है कि हर किसी का ध्यान इस पर है कि यह ऑपरेशन कब खत्म होगा। लेकिन आपको यह देखने की जरूरत है कि यह ऑपरेशन और भी जटिल होता जा रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा 'हमने आपको कभी समय रेखा नहीं दी है। मैंने अनुभव किया है कि जब आप पहाड़ों के साथ कुछ करते हैं तो आप कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते। यह बिल्कुल युद्ध जैसी स्थिति है।' उन्होंने कहा 'अच्छी खबर यह है कि अंदर फंसे 41 मजदूर ठीक हैं। उनके पास सभी चीजें जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आगे कहा 'वहां पर मजदूरों के परिजन भी आ गए हैं। मजदूरों ने अपने परिजनों से बात भी की है। जहां तक बचाव अभियान का सवाल है, कुछ समस्याएं हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। ऑगर मशीन में क्षति हुई है और इसका कुछ हिस्सा बाहर नहीं आया है। मशीन के उस हिस्से को बाहर लाने के लिए उन्नत मशीनरी की आवश्यकता है, जिसे भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई मार्ग से लाया जा रहा है। यह जल्द ही सुरंग स्थल पर पहुंच जाएगा। हमें थोड़ा धैर्य रखना पड़ेगा। काम करने वालों पर किसी प्रकार का दवाब नहीं डालना है। याद रखना है कि जहां भी काम हो रहा है वे खतरनाक है।



## पेज एक का शेष...

**चहुंमुखी विकास के लिए..** ने कहा कि सरकार प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए लगातार काम कर रही है। पहाड़ों पर बुनियादी सुविधायें मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, रोपवे कनेक्टिविटी, हवाई कनेक्टिविटी सहित ऊर्जा एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में चारधाम सड़क परियोजना, ऋषिकेष कर्णप्रयाग रेलवे लाईन का निर्माण तथा निर्माणाधीन रोपवे परियोजनाएं इस बात का उदाहरण हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इस संकल्प के कुछ पड़ाव हमने पार कर लिए हैं पर अभी बहुत काम करना बाकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने, प्रदेश की महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून और सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने का काम किया है। हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश का हित सर्वोपरि हैं। प्रदेश में किसी भी वर्ग का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड को देश का एक 'श्रेष्ठ राज्य' बनाने के लिए सभी के सहयोग और मार्गदर्शन करते रहने की बात कही। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर सीएम का जोरदार स्वागत किया गया।इस अवसर पर मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी, सांसद अजय टम्टा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**शराब कारोबारी ने....** विशाल कुमार पुत्र नरेश कुमार मौजूद थे मेरे द्वारा वरुण अग्रवाल से दैनिक बिकी पंजिका तथा थ्स्36 पास मांगे गये । तो उक्त वरुण अग्रवाल अचानक भड़क गया और गाली गलौज करते हुए आबकारी इंस्पेक्टर का गिरेबान पकड़ लिया। इस दौरान सेल्समैन विशाल कुमार तथा वरुण अग्रवाल ने आबकारी इंस्पेक्टर तथा आबकारी सिपाही के साथ धक्का मुक्की करते हुए जमकर मारपीट की। पीड़ित इंस्पेक्टर का आरोप है कि आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**संदिग्ध परिस्थितयों में ..** दिनों से वह किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में था। रविवार सुबह उसका शव घर के कमरे में फांसी पर लटकता पाया गया। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला घर में कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जताते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी एक पुत्र व पांच पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया।

**टनल में फंसे..** बताया कि श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। अभियान में कुछ व्यवधान आये थे जिन्हें दूर कर लिया गया है। सरकार श्रमिकों और उनके परिवार के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मामले पर लगातार नजर बनाये हुए हैं और रोजाना अपडेट ले रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि अभियान अंतिम चरण में हैं जल्द ही श्रमिकों को बाहर निकाल लिया जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रकाशोत्सव पर रूद्रपुर में निकला महान नगर कीर्तन







## बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोषों व शबदों की हुई गूंज
## जुलूस में झांकियों, पीटी शो तथा गतका पार्टी ने किया आकर्षित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर आज नगर में महान नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं दूरदराज क्षेत्रों से आई हजारों की संगत ने भाग लेकर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूलों के हजारों की संख्या में बच्चों ने रंगबिरंगी वेशभूषा तथा स्कूल ड्रेस में पीटी शो का प्रदर्शन कर लोगों को बहुत आकर्षित किया। पावन श्री गुरूग्रंथ साहिब को एक सुसज्जित वाहन में विराजमान किया गया था। जिसके आगे महिला पुरूष पानी छिड़काव करते व झाड़ू लगाते चल रहे थे। नगर कीर्तन यात्रा मार्ग को भव्य रूप से तोरण द्वार से सजाया गया था। इससे पूर्व महान नगर कीर्तन श्री गुरूनानक हायर सेकेंडरी स्कूल से अरदास के पश्चात प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी तथा कई गणमान्य लोग मौजूद थे। नगर कीर्तन में सबसे आगे पारंपरिक वेषभूषा में एक सेवादार निशान साहिब ले कर चल रहा था। जिसके पीछे पांच प्यारे चल रहे थे। बैंड वादकों की धार्मिक धुनों के बीच बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोषों के साथ आगे बढ़े नगर कीर्तन ने सारा वातावरण पूरी तरह से गुरूमय कर दिया। नगर कीर्तन में अनेक विद्यालयों के साथ ही कई आवासीय क्षत्रों से आई झांकियां भी प्रदर्शित की गईं थीं। गुरूनानक हायर संकेंडरी स्कूल से प्रारम्भ हुआ नगर कीर्तन आदर्श कालोनी रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, अग्रवाल धर्मशाला गली, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी, काशीपुर रोड़, इन्दिरा चौक, नगर निगम, रोडवेज, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांध ी पार्क, महाराजा रणजीत सिंह पार्क, मुख्य बाजार होते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, गोल मार्केट में सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन में महिलाओं एवं पुरूषों के अलग अलग जत्थे गुरू महाराज के शबद कीर्तन करते चल रहे थे। मार्ग में अनेक स्थानों पर संगत ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से स्वागत कर कीर्तन में शामिल लोगों को फल, पानी, हलवा, चना, बिस्कुट आदि का प्रसाद का वितरण किया। गतका पार्टी द्वारा दिखाये गये हैरतंगेज करतबों को देखकर लोग काफी आकर्षित हुए। महान नगर कीर्तन में श्री गुरू ग्रंथ साहिब के स्वरूप को भव्य रूप से सुसज्जित वाहन में विराजमान किया गया था। जिसके आगे भारी संख्या में महिलायें, पुरूष, युवा, बच्चे झाड़ू लगाते एवं पानी का छिड़काव करते जा रहे थे। हजारों की संख्या में संगत ने श्री गुरूग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंध क कुलवंत सिंह, किशनपाल चौधरी ,हरभजन सिह, अवतार सिंह, कृपाल सिंह, संतोख सिंह, रणजीत सिंह, हरनाम सिंह, अमरजीत सिंह, समरपाल सिंह, संजय जुनेजा, पवन गाबा पल्ली, हरीश अरोरा, राजकुमार सीकरी,सुशील गाबा, वेद ठुकराल, पुरूषोत्तम अरोरा, किशन सुखीजा, रक्षपाल सिंह, अमरीक सिंह, जीत सिंह , दीदार सिंह, गुरमीत सिंह, जागीर सिंह, जगमोहन सिंह, जोगेन्द्र सिंह, सतनाम सिंह, जसपाल सिंह ध मीजा, हरजीत सिंह, साहिल कक्कड़, सोनू सिंह, मंगत सिंह खुराना, रोहित वर्मा, बलवंत सिंहमंजीत सिंह मक्कड़, लरनैल सिंह, गुरमेल सिंह, लखबीर सिंह, सुरेन्दर सिंह, सुखजिंदर सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, बलविंदर कौर, रूपेन्दर कौर, नरेन्दर कौर, परमजीत कौर, रविन्दर कौर, सिमरनजीत कौर, गुरदीप सिंह गाबा, प्रीतम सिंह कालडा, सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।





## नगर कीर्तन में अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर बांटा प्रसाद

रूद्रपुर। नगर कीर्तन के दौरान अनेक स्थानों पर स्वागत किया और श्रद्धालुजनों द्वारा स्टॉल लगाकर संगत को प्रसाद वितरित किया गया। रोडवेज के सामने, काशीपुर रोड़, नगर निगम कार्यालय के समक्ष, भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक, महाराजा रणजीत सिंह पार्क, गल्ला मंडी सहित अनेक जगहों पर नगर कीर्तन में शामिल संगत को पानी, हलवा, चना, बिस्कुट, फल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सेवादारों द्वारा व्यवस्थाओं को बाधित नहीं होने दिया गया।



## भारी पुलिस बल रहा मुस्तैद

रूद्रपुर। महान नगर कीर्तन को देखते हुए मुख्य मार्गों के साथ साथ बाजार क्षेत्रों के मार्गों पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिये। नगर कीर्तन में शामिल लोगों के साथ ही सड़क के दोनों ओर नगर कीर्तन देखने वालों की भारी भीड़ होने के कारण नगर कीर्तन पहुंचने से पूर्व मार्गों पर यातायात को परिवर्तित किया जा रहा था। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थीं। नगर कीर्तन के दौरान यातायात काफी धीमी गति से चल रहा था।

# श्री बालाजी धाम के स्थापना दिवस पर निकली भव्य निशान यात्रा

## निशान यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत, बाबा भक्तों को प्रसाद वितरित किया







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भगवानपुर स्थित श्री बालाजी धाम के तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव के प्रथम दिवस पर गत दिवस श्री बालाजी धाम के श्री गुरु जी महाराज महंत हरनाम चंद जी के पावन सानिध्य में एलाइंस कम्युनिटी हॉल से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जो ग्राम दानपुर, भगवानपुर, क्रिस्टल कालोनी, आरआईटी कॉलेज सरस्वती राइस मिल से होकर गुजरती हुई श्री बालाजी धाम में संपन्न हुई। मार्ग में अनेक स्थानों पर बाबा भक्तों द्वारा निशान यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और यात्रा में शामिल बाबा भक्तों को प्रसाद वितरित किया। श्री बालाजी ध ाम चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग ने बताया कि निशान यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व एलायंस कम्यूनिटी हॉल में बाबा भक्त गुरदीप सिंह गाबा, ओमप्रकाश राजपूत, अवतार सिंह, राजन आनंद, सुमित गुगलानी, किशन नारंग, नीरज बत्रा आदि द्वारा सभी के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। श्री बालाजी महाराज का आर्शीवाद लेकर निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। बैंड बाजे एवं ढोल के साथ डीजे की धार्मिक धुनों के संग बाबा भक्त निशान यात्रा में बाबा के जयघोष करते जा रहे थे। श्री बाला जी धाम पहुंचने पर वहां मौजूद भक्तों ने पुष्प वर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा का संचालन एवं व्यवस्थापन कैलाश राजपूत ने किया। इस दौरान विजय भूषण गर्ग, भारत भूषण चुघ, राजेंद्र श्रीधर, पवन जिंदल, कैलाश राजपूत, रवि बाठला, प्रीतम अरोरा, पवन जिंदल , राजेश सिंघल, विजय अरोड़ा, मुकेश घई, गिरीश चंद्र पांडे, सतीश कुमार हुड़िया, जुगल किशोर बाम्बा, रीना राजपूत, विवेक पुंशी, मीना अरोरा, मंजीत कौर, प्रभा बठाला, चित्रा राजपूत, दीपक गुगलानी, हार्दिक बठला, बबीता श्रीध र, रोहित हुडिया, पायल घई, सपना राजपूत, भारती बांबा, तरुणा खुराना, रीता गुगलानी, पंडित श्याम पाण्डेय, पूनम गुगलानी, सुदेश गुगलानी, इंद्रजीत कौर, विशाल नारंग, ज्योति नारंग, अजय छाबड़ा, नीलम छाबड़ा, जितेंद्र छाबड़ा, तारावती पाण्डे , आदि सहित सैकड़ों बाबा भक्त मौजूद थे। भारत भूषण चुघ ने बताया कि आज श्री बालाजी धाम में प्रात: 9:15 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमे दर्जनों लोगों द्वारा रक्तदान किया गया।। तत्पश्चात सायं 4:15 बजे से हवन यज्ञ आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि कल 27 नवंबर दिन सोमवार को प्रात: 11:15 बजे से श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया जाएगा। जिसमें बाबा भक्त भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:15 से विशाल भंडारा आयोजित होगा। श्री चुघ ने समस्त बाबा भक्तों के साथ ही आम जनता से आज सायं हवन यज्ञ तथा कल सुबह 27 न वंबर को प्रात: 11. 30 बजे से आयोजित होने वाले श्री बालाजी दरबार में सभी क्षेत्रवासियों से सपरिवार पहुंचने की अपील की।